राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–5) विभाग

क्रमांकः प.1(16)साप्र/5/09 जयपुर, दिनांकः 23.09.2014

<u>आदेश</u>

सामान्य प्रशासन (ग्रुप–5) विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांकः 11.02.2013 के संदर्भ में जारी परिपत्र दिनांकः 26.06.2014, 27.06.2014 एवं 23.07.2014 के क्रम में विभिन्न विश्राम भवनों/ट्रांजिट हॉस्टल (राजस्थान हाउस/जोधपुर हाउस, नई दिल्ली/राजस्थान भवन, मुम्बई इत्यादि) के संबंध में जॉब बेसिस पर किये जाने वाले निविदाओं में सफाई, बागवानी एवं सुरक्षा के लिए ही निविदायें न्यूनतम उपस्थित रहने वाले व्यक्तियों की संख्या के आधार पर राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम–2012 के अन्तर्गत की जानी है, जिसमें सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम में प्रदत्त वित्तीय शक्तियों के अध्यधीन प्रकरण में गुणावगुण के आधार पर निविदायें आमंत्रित किये जाने हेतु समिति को पूर्ण शक्तियाँ प्रदान की हुई है।

सुरक्षा कर्मचारियों के लिए राजस्थान में Rexco को तथा अन्य राज्यों में इसके समकक्ष संस्थाओं के माध्यम से सेवाऐं प्राप्त की जा सकेगी।

अतः 01 अक्टूबर, 2014 से 31 मार्च, 2015 तथा आगामी वित्तीय वर्षों के लिए उक्त सेवाओं के लिए नियमानुसार निविदायें किये जाने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

यह स्वीकृति वित्त (व्यय–2) विभाग के द्वारा उनके आई.डी. संख्या 101403643 दिनांकः 22.09.2014 तथा वित्त (जी एण्ड टी) के द्वारा उनके आई.डी. संख्या 131400228 दिनांकः 22.09.2014 द्वारा प्रदान की गई सहमति के अनुसार जारी की जाती है।

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से,

(राजीव जैन)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निवासीय आयुक्त, बीकानेर हाऊस, नई दिल्ली।
2. समस्त जिला कलक्टर।
3. अतिरिक्त निवासीय आयुक्त, राजस्थान भवन, वाशी, नवीं मुम्बई।
4. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय–2)/(जी एण्ड टी) विभाग।
5. समस्त कोषाधिकारी, राजस्थान।
6. पे एण्ड अकाण्उट्स ऑफिसर, बीकानेर हाऊस, नई दिल्ली।
7. समस्त प्रबन्धक, विश्राम भवन, राजस्थान/ट्रांजिट हॉस्टल, जयपुर/राजस्थान हाउस/जोधपुर हाउस, नई दिल्ली/राजस्थान भवन, मुम्बई।
8. वरिष्ठ लेखाधिकारी, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग।
9. रक्षित पत्रावली।

(राजीव जैन)
संयुक्त शासन सचिव